दिन–गुरुवार दिनांक– 06/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर एक बजे तक बयालीस दशमलव तीन एक प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। सबसे अधिक गोपालगंज जिले में छियालीस दशमलव सात तीन प्रतिशत जबकि सबसे कम पटना जिले में सैंतीस दशमलव सात दो प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। वहीं, सिमरी–बख्तियारपुर, महिषी, मुंगेर और जमालपुर विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान का समय शाम पांच बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के छप्पन मतदान केन्द्रों पर भी अपराह्न पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के बख्तियारपुर में मतदान किया। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने परिजनों के साथ वेटनरी कॉलेज स्थित बूथ पर मतदान किया। इसके अलावा सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व सासंद रामकृपाल यादव, मंत्री नितिन नवीन ने पटना स्थित मतदान केन्द्रों पर वोट डाले। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, रामनाथ ठाकुर और नित्यानंद राय और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने अपने–अपने मतदान केन्द्रों पर वोट डाला।

———————————————

पहले चरण में एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत नितिश सरकार के सोलह मंत्रियों की चुनावी किस्मत दांव पर है। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, जनशक्ति जनता दल के तेज प्रताप यादव लोक गायिका मैथिली ठाकुर और भोजपुरी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता खेसारी लाल यादव के चुनावी भाग्य का फैसला भी इसी चरण में होगा।

———————————————

पहले चरण की सभी सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन उम्मीदवारों के बीच है। हालांकि कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के भी आसार हैं। इस चरण के चुनाव में एनडीए की ओर से सबसे अधिक संतावन सीटों पर जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। वहीं, भाजपा अड़तालीस और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास चौदह सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता

दल के सबसे अधिक तिहत्तर प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं जबकि कांग्रेस के चौबीस और सीपीआई माले के चौदह प्रत्याशी पहले चरण में चुनावी मुकाबले में है। मुकेश सहनी के नेतृत्व वाले विकासशील इंसान पार्टी ने पांच प्रत्याशियों को टिकट दिए हैं। जबकि सीपीआई और सीपीएम तीन–तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं, जन स्वराज पार्टी ने एक सौ उन्नीस प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है।

———————————————————

विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया के अवलोकन के लिए अंतर्राष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम के तहत कई देशों के प्रतिनिधि राज्य के दौरे पर हैं। फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड और कोलंबिया से आये प्रतिनिधियों ने पटना, वैशाली सारण, मुजफ्फरपुर, नालंदा समेत कई जिलों में भ्रमण किया और चुनाव और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव को लेकर पटना में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नम्बर है– शून्य छह एक दो–दो आठ दो चार शून्य शून्य एक। फैक्स नम्बर है– शून्य छह एक दो– दो दो एक पांच छह एक एक। लोग चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना इन नम्बरों पर दे सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल आईडी– सीईओ बिहार एट द रेट जीमेल डॉट कॉम और सीईओ अंडर स्कोर बिहार एट द रेट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन पर भी सूचना दी जा सकती है। यह नियंत्रण कक्ष मतदान समाप्त होने तक कार्यरत रहेगा।

———————————————————

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार कार्य जोरों पर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अररिया जिले के फारबिसगंज में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कांग्रेस और राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित बिहार का होना जरूरी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने बेतिया में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बथनाहा में, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिहार में तथा जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। इधर, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने गोविंदगंज में और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बाबूबरही और खजौली विधानसभा क्षेत्रों में महागठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। वाम दल, बहुजन समाज पार्टी और जन सुराज

समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं।

—————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।